## खबर संक्षेप

### हेडगेवार पार्क में नपा द्वारा कराया गया सफाई कार्य



**शहडोल।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है जो प्रगति पर है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी, सहित अन्य लोगों द्वारा बढ़ चढक्रर सहभागिता निभाई जा रही है तथा जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए संदेश दिया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय शहडोल के हेडगेवार पार्क में नगर पालिका शहडोल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत साफ-सफाई का कार्य किया गया एवं आमजन को जल को सहेजने तथा जल के संरक्षण तथा संवर्धन का संदेश भी दिया गया।

### जिला बदर के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल।** 24 मई को सहायक उपनिरीक्षक रजनीश तिवारी, प्रधान आरक्षक महेन्द्रपाल शुक्ला एवं आरक्षक रौनक पवार द्वारा क्षेत्र में बीट पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर आरोपी राकेश उर्फ पप्पू यादव, निवासी सिंहपुर रोड में अवैध रूप से आया है, घूम रहा है। आरोपी को 23 सितम्बर को जिला दण्डाधिकारी के आदेश के तहत एक वर्ष के लिए शहडोल सहित आसपास के चार जिलों (अनूपपुर, उमरिया, मैहर एवं सीधी) की सीमा से निष्कासित किया गया था। आरोपी राकेश यादव पर पूर्व से कई गंभीर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए अतिरिक्त पुलिस बल सहायक उपनिरीक्षक कामता पयासी, प्रधान आरक्षक गिरीश शुक्ला, महिला प्रधान आरक्षक सोनी नामदेव, प्रधान आरक्षक चालक सुनील शर्मा ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी द्वारा जिला बदर आदेश की अवहेलना करने पर उसे बी.एन.एस. एवं म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 24.05.25 को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक का उपयोग कम करें

**शहडोल।** किसान ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवाईयों का उपयोग कम करें। किसान तीसरी फसल के रूप में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल ली जा रही है । ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती से किसानों की आय में वृध्दि हुई है, परंतु इसमें कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवा का उपयोग अधिक किया जा रहा है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि फसल को जल्द पकाने के लिये खरपतवारनाशक दवा (पेराक्वौट डायक्लोराइड) का भी उपयोग अधिक हो रहा है, इन कीटनाशक / खरपतवारनाशक दवा के अंश मूंग फसल में शेष रह जाते हैं, जो कि सेहत के लिए हानिकारक हैं। ग्रीष्मलकालीन मूंग की फसल में कीटनाशक/ खरपतवारनाशक दवा का उपयोग कम से कम करें, जिससे मानव शरीर पर इसका दुष्प्रकभाव कम हो।

### खैरहा पुलिस द्वारा अवैध खनिज पर की गई कार्यवाही

**शहडोल।** जिले के थाना खैरहा क्षेत्रांतर्गत को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम नौगवां के पास कुछ व्यक्ति ट्रैक्टर में अवैध रुप से अवैध रेत का उत्खनन कर परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर थाना खैरहा पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर रेड करने पर आरोपी अभय यादव निवासी नौगवां एवं अभय यादव निवासी धुरवार, पुलिस को आता देख कर ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली में लोड रेत को डम्प कर भाग गये, तलाश करने पर नहीं मिले, पुलिस द्वारा पत-तलाश जारी है। उक्त ट्रैक्टर-ट्राली की तलाशी लेने पर उक्त खनिज के संबंध में कोइ भी वैध दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए।

# नकली खाद्य पदार्थों से भरा बाजार असुरक्षित हो रहा जनजीवन



### कमीशनखोर अमले से हांथ मिला, धन बटोर रहे मिलावटखोर

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए सरकार ने एक ओर खाने पीने के सामानों में खाद्य सुरक्षा के मानक तय किये हैं, कई महत्वपूर्ण प्रावधान बनाए हैं तथा कार्रवाई और क्रियान्वयन के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग की स्थापना की, इसके बावजूद न केवल खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है बल्कि मिलावटी और नकली उत्पादों के चलन से बाजार पटी हुई है। ऐसे पदार्थों के सेवन से मानव जीवन कभी भी दांव पर लग सकता है। नक्काल व मिलावटखोर पैसा बटारने की खातिर घटिया व हानिकारक रसायनों के उपयोग से नकली सामान तैयार कर बेच रहे हैं। जिले भर में घी, दूध, नमकीन, तेल, मिठाई आदि मिलावटी बेची जा रही है। यही नहीं चिप्स, कुरकु रे, आदि का उत्पादन कर उन्हे बेचा जा रहा है। कई फैक्ट्रियां जिले में खुल चुकीं हैं, जो बड़ी कंपनियों को मात दे रही हैं और उन्ही के प्रोडक्ट की नकल कर घटिया माल बेच रहीं हैं। जिले भर में यह खेल एक अर्से से चल रहा है लेकिन खाद्य एवं औषधि विभाग चैन की नीद सो रहा है। उसके द्वारा कभी भी दूकानों में जा कर कार्रवाई नहीं की जाती है।

### यह है विभाग की ड्यूटी

खाद्य एवं औषधि विभाग की ड्यूटी यह है कि वह किराने व डेली नीड्स की दूकानों, होटलों तथा मिष्ठान भंडारों आदि का औचक निरीक्षण करे तथा खाद्य सामग्रियों के नमूने लेकर उन्हे जांच के लिए भेजे, अपमिश्रित पाए गए नमूनों के लिए संबंधित दूकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित कर उन्हे अदालत में खड़ा करे। लेकिन विभाग शहर के अंदर दविश डालने की बजाय अपना वार्षिक लक्ष्य पूरा कर चुप्पी साध लेता है। इसके लिए वह ग्रामीण अंचलों की दूकानों का नमूना लेता है, या फिर शहर की कुछ दूकानों से नमूने लेकर भेज देता है। इसके बाद वह अजगर की तरह एक जगह बैठा अपने कमीशन का इंतजार करता रहता है। वह अपने कार्यालय से हिलना डुलना भी जरूरी नहीं समझता है।

### बिना लायसेंस चला रहे दूकान

शासन का प्रावधान है कि जिन स्थानों में सामूहिक भोजन या नाश्ते आदि का कार्य होता हो वहां खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने संबंधी लायसेंस लेना अनिवार्य रहता है, इस दायरें में अस्पताल, जेल, स्कूल, हॉस्टल आदि स्थानों में लायसेंस होना अनिवार्य है। अस्पताल में सैकड़ों रोगियों का भोजन दोनो समय बनता है, जेल में सैकड़ों बंदियों का भोजन रोज बनता है, स्कूलों मे मध्यान्ह भोजन और हास्टलों में भी दोनो समय भोजन बनता है, लेकिन इन स्थानों में से शायद ही कोई ऐसा स्थान होगा जहां खाद्य सुरक्षा मानको का पालन किया जाता होगा और शायद ही किसी के पास लायसेंस होगा। सरकार अक्सर यह प्रयास करती है कि खाद्य सुरक्षा मानको का पालन कर खाने पीने के सामानों में शुद्धता और स्वच्छता बरती जाए। लेकिन ऐसा होता नहीं है। इसका कारण केवल खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग का निकम्मापन ही है।

### मिलावटखोरों को मिली शह

शहर के व्यवसाय जगत से जुड़े कुछ लोगों ने बताया कि खाद्य एवं औषधि विभाग व कुछ अन्य अमले की शह से शहर के अंदर मिलावटखोरों की गुड्डी तनी हुई है। वे दिनरात माल बटोर रहे हैं। उनकी नकली माल उगलने वाली दूकानों में पैसे की वर्षा होती रहती है। अधिकारी स्वयं ही ऐसे कृत्यों को पोषित कर कमीशन बटोर रहे हैं। व्यापारी को भारी मुनाफ हो रहा है लेकिन जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है, इसकी चिंता किसी को नहीं है। होटलों में अगर जांच पड़ताल हो तो मिठाई और नमकीन की शुद्धता का स्वयमेव पता चल सकता है। होटलों में उपयोग होने वाले घी, तेल सब मिलावटी और नकली उपयोग किया जा रहा है। घी, दूध व दही किस रसायन से बन रहे हैं यह जांच से ही पता चल सकता है। जनचर्चा है कि दही टिश्यू पेपर से बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन के अधिकारियों को इन कृत्यों की जानकारी नहीं है, वे तो जानकारी के बावजूद कार्रवाई नहीं करते।

# देश की गरिमा पर प्रहार: मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करें: कांग्रेस

## भाजपाई मंत्रियों द्वारा सेना के अपमान पर काँग्रेस ने की पत्रकार वार्ता



हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व एवं पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल मार्को के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश सचिव अजय अवस्थी की उपस्थित मे कांग्रेस द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित की गई । जिसमें विधायक फुंदेलाल ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की बहादुर अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अशोभनीय, अपमानजनक और महिला विरोधी टिप्पणी ने पूरे देश की भावनाओं को गहराई से आहत किया है। कांग्रेस पार्टी इस बयान की घोर निंदा करती है और इसे केवल एक महिला अधिकारी नहीं, पूरे भारतीय सैन्य बल और 140 करोड़ नागरिकों की गरिमा पर हमला मानती है।

### हाईकोर्ट की फटकार

जबलपुर हाईकोर्ट की खंडपीठ न्यायमूर्ति और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला ने इस बयान पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मध्य प्रदेश सरकार को चार घंटे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने पुलिस की देरी को दोषपूर्ण प्रशासनिक रवैया बताया और राज्य सरकार की नीयत पर प्रश्नचिन्ह लगाए। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने विजय शाह के बयान को गटर स्तर की भाषा बताते हुए कहा, पूरा देश इस बयान से शर्मिंदा है।

### राष्ट्रीय प्रतिष्ठा शर्मसार

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का बयान जल, थल, वायु सेना मोदी के आगे नतमस्तक है, यह एक व्यक्ति की पूजा में देश की सेनाओं का सार्वजनिक अपमान है। यह संवैधानिक संस्थाओं को व्यक्तिपूजा की बलि चढ़ाने की मानसिकता दर्शाता है। विदेश मंत्री का आत्मघाती बयान हमने 7 मई को पाकिस्तान को बता दिया था कि हम केवल आतंकवादियों के अड्डों पर हमला करेंगे, सैन्य ठिकानों पर नहीं। यह बयान रणनीतिक विफलता और दुश्मन को अग्रिम चेतावनी देकर भारतीय सेना के ऑपरेशन को निष्फल करने का कार्य है। भारत के पड़ोसी देश जैसे नेपाल, श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश भी तटस्थ रहे। रूस जैसा देश जो सदैव भारत के साथ रहा, वह भी तठस्थ रहा, यह भारत की कूटनीतिक असफलता का प्रमाण है।

### कांग्रेस की मांगें

कांग्रेस ने कहा कि विजय शाह को अविलंब मंत्रीपद से बर्खास्त किया जाए, उपमुख्यमंत्री देवड़ा व विदेश मंत्री जयशंकर से सफाई ली जाए और सार्वजनिक क्षमा मांगी जाए। प्रधानमंत्री स्वयं देश को यह भरोसा दिलाएं कि भारत की सेना का सम्मान किसी दलगत राजनीति से ऊपर है। इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए। कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति या दल से नहीं, बल्कि देश की गरिमा, सेना के मान और राष्ट्र की प्रतिष्ठा की रक्षा की लड़ाई है। हम संसद से सडक़ तक यह सवाल उठाएंगे।

### जयसिंहनगर थाने को स्टॉफ हो बर्खास्त

स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा कि जिले में हो रहे हर तरह के अवैध कारोबार मे लिप्त कारोबारियों को कहीं न कहीं भाजपा पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, उन्हीं की शह पर जिले मे अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। जिलाध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा कि अभी हाल ही मे जयसिंहनगर मे बरामद किए गए गांजा भाजपा नेता के लिप्त होने की बात जनचर्चा का विषय बनी हुई है, सुभाष गुप्ता ने कहा कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए व जयसिंहनगर थाने के समस्त स्टाफ को तत्काल बर्खास्त कर दिया जाए। श्री गुप्ता ने कहा की जयसिंहनगर मे बरामद गांजा प्रकरण के खिलाफ कांग्रेस के ब्यौहारी ब्लाक अध्यक्ष विनोद ताम्रकार एवं कुछ पत्रकार बंधुओं ने भाजपा के पदाधिकारी के संलिप्त होने की आशंका व्यक्त करते हुए आवाज उठाई तो, भाजपा के द्वारा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष एवं कुछ पत्रकार बंधुओं के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने की मांग की गई, लोकतंत्र में जब तक अन्याय के खिलाफ आवाज नहीं उठाई जाएगी, तब तक आमजन को न्याय कैसे मिलेगा।

### इनकी रही मौजूदगी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा इस मामले मे प्रदेश एवं जिला कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष व लोकतंत्र के चौथे स्तंभ सभी साथियों के साथ है। पत्रकार वार्ता मे मुख्य रूप से, विधायक फुंदेलाल मार्को, जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी महमूद अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील खरे, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी उपस्थित रहे।



# तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक सवार को कुचला

**शहडोल।** जिले में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र के शहडोल-रीवा मार्ग पर मिडवे के सामने हुई है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार कृष्ण यादव पिता अशोक यादव उम्र 21 वर्ष पास के गांव का रहने वाला था। वह शहडोल-रीवा मार्ग पर स्थित मिडवे के पास मजदूरी कर रहा था। ठेकेदार ने उसे कुछ सामान लाने के लिए ब्यौहारी बाजार भेजा। इसी दौरान शहडोल से रीवा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को रोक लिया था और चालक को पकड़ लिया, जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं शहडोल-रीवा मुख्य मार्ग पर बीच सडक़ पर यह दर्दनाक हादसा होने से कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हो गया था। पुलिस ने शव को सडक़ से हटवाया और यातायात शुरू कराया। पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है और ट्रक को थाने में खड़ा कराया गया है।

# एसडीओपी के घर के पीछे एसईसीएल अधिकारी में चोरी

### मकान मालिक ने मोबाइल पर देखी खुद के घर की लाइव चोरी

**शहडोल।** जिले में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठ खड़े हुए हैं, जब बुढार थाना क्षेत्र स्थित एसईसीएल की रीजनल कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि जिस कॉलोनी में यह वारदात हुई, वहां पुलिस के दो अधिकारी भी निवास करते हैं और चोरी ठीक एसडीओपी के घर के पीछे हुई है। हैरत की बात यह रही कि जिस सूने मकान में चोर दिन दहाड़े चोरी कर रहे थे ,उस चोरी का लाइव वीडियो मकान मालिक दूर कहीं देखता रहा और कुछ न कर सका। एसईसीएल अमलाई ओसीएम में असिस्टेंट माइनिंग मैनेजर कमलभान पटेल के घर का है, , जो इन दिनों अपने परिवार के साथ जगन्नाथ पुरी दर्शन के लिए बाहर गए हुए हैं। रविवार दोपहर दो अज्ञात चोर उनके मकान की दीवार पर चढ़े और आम तोडऩे का बहाना बनाकर मौके की रेकी की। इसी दौरान पानी सप्लाई का कार्य कर रहे एक कर्मचारी गुप्ता ने जब सवाल किया तो, चोरों ने आम तोडऩे की बात कहकर उसे भ्रमित कर दिया। उसके जाते ही दोनों चोर दीवार लांघकर मकान के पीछे के रास्ते से अंदर घुस गए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से चोरी की लाइव तस्वीरें कमलभान पटेल ने अपने मोबाइल पर देखीं। तत्परता दिखाते हुए उन्होंने अपने पड़ोसी सवेरिया रमन्ना को सूचित किया, जिन्होंने तत्काल बुढार पुलिस को सूचना दी, लेकिन अफसोस जब तक पुलिस



मौके पर पहुंची, चोर जेवरात और नकदी लेकर फरार हो चुके थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितनी नकदी और कितने कीमती सामान की चोरी हुई है, क्योंकि मकान मालिक अभी भी बाहर हैं। बुढ़ार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है और चोरों की तलाश जारी है। इस वारदात ने पुलिस की सक्रियता और कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस रीजनल कॉलोनी में पुलिस के आलाधिकारी रहते हैं, वहीं दिनदहाड़े चोरी होना न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि आम नागरिकों के बीच असुरक्षा की भावना भी पैदा करता है।

### इनका कहना है...

कालोनी में एक सुने मकान में चोर घुसे थे, जिसकी सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचे , लेकिन तब तक चोर भाग गए, मकान में क्या और कितना चोरी हुआ है, यह तो मकान मालिक के आने पर ही पता लगेगा, चोरों की तलास की जा रही है।

**संजय जायसवाल थाना प्रभारी, बुढ़ार**

# जन भागीदारी से किया जा रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा सरकार और समाज दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना चाहिए और इसे बचाने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। जल जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। अतः जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त



जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गोहपारू जनपद पंचायत के ग्राम महरोई में भी जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य किया गया।

# आरआई के प्रभार को लेकर कायदों की बलि

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

**संभागीय मुख्यालय की नगरपालिका में राजस्व निरीक्षक के पद पर नियम विरुद्ध प्रभार दिए जाने का मामला सामने आया है। यह मामला जनहित में है, क्योंकि इससे आरआई के कार्य और अधिकारों पर असर पड़ सकता है।**




यह एक महत्वपूर्ण मामला है क्योंकि आरआई का पद राजस्व विभाग के लिए महत्वपूर्ण है और इसके कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता से राजस्व संग्रह और वितरण प्रभावित हो सकता है। इस मामले में, नगरपालिका प्रशासन को नियमों के अनुसार आरआई का प्रभार देना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

आरआई का प्रभार किसी योग्य और सक्षम व्यक्ति को नहीं दिया गया है, तो यह न केवल राजस्व संग्रह को प्रभावित कर सकता है, बल्कि इससे नागरिकों को भी नुकसान हो सकता है। संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका में 4 एआरआई पदस्थ हैं, जिनमें पराग दुबे 2005, धर्मेन्द्र सोनी एवं सौरभ निगम 2010 में अपनी सेवाएं देना शुरू की, इसके बाद रामजी वर्मा 2014 में एआरआई के पद पर पदस्थ हुए, लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदारों ने सीनियर-जूनियर की परवाह न करते हुए रामजी वर्मा को आरआई के पद से नवाज दिया। जिससे अब नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नगर पालिका शहडोल में 4 एआरआई पदस्थ है, पराग दुबे संभवतः एक बार निलंबित हो चुके हैं, लेकिन धर्मेन्द्र सोनी एवं सौरभ निगम पर किसी प्रकार के आरोप नहीं है, हालाकि नगर पालिका प्रशासन कार्य कुशलता को लेकर दलील दे रहा है, जबकि आरआई के प्रभार देने के पीछे अलग ही खेल चल रहा है, ऐसा नहीं है कि नगर पालिका में आरआई पद में बस यह खेल हुआ है, नगर पालिका के फायर विभाग में वाहन चालक बाबू बने बैठे हैं और मलाई छान रहे हैं। जागरूक लोगों ने कलेक्टर से नगर पालिका की व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की है।

# देखने की सजाः हत्यारों ने हत्या कर जला दी लाश

## दोहरे हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज, मानपुर।

थाना क्षेत्र अंतर्गत दोहरे हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने कर दिया है, पुलिस ने हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए बताया कि 20 मई को थाना मानपुर में सूचना मिली कि नाचनदेवी हार मैग्टोला ग्राम दुलहग में 02 व्यक्तियों एक पुरुष एक महिला के शव मिले हैं। घटनास्थल पर पहुंच कर शव की शिनाख्त कराने पर शव की पहचान मनीष साहू पिता संतोष साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम दुलहरा एवं मनोरमा बारी पिता अनिल बारी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सिगुड़ी के रूप में की गई। दोनों मृतकों की पहचान बाद मौके पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। जांच दौरान घटनास्थल एवं शव का निरीक्षण करने पर धारा 103(1), 238 बीएनएस का अपराध पाये जाने पर पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हये सुश्री सविता सुहाने उप पुलिस महानिरीक्षक एवं प्रतिपाल सिंह महोबिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अज्ञात आरोपियों पर 20,000 रुपये का ईनाम उदघोषित किया गया।



### 2 दिन तक खंगाले सीसीटीवी फुटेज

थाना प्रभारी मानपुर द्वारा तत्काल अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए थाने में अलग अलग टीमों का गठन कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर दिखवाये गये, पुलिस द्वारा 02 दिन तक लगातार सीसीटीवी फुटेज देखने से ज्ञात हुआ कि उक्त दोनों मृतक अंतिम बार 16 मई को ग्राम बरबसपुर के अनिल खटिक के साथ देखे गये हैं। थाना प्रभारी मानपुर के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सायबर सेल की मदद से संदेही अनिल खटिक से पूंछताछ की गई, जिसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि वह 16 मई को दोनों मृतकों के साथ सुबह से ही साथ में था। मृतक मनीष साहू उसका पैसा लिया था, जो मांगने पर नहीं दे रहा था और उसे गाली देता था, जिस कारण वह मृतक मनीष साहू से नफरत करता था।

### झाड़ियों में छुपाया शव

16 मई को शाम 06 बजे मृतक एवं मृतिका दोनों काफी नशे में थे, तब अनिल खटिक अपने दोस्त पवन कुशवाहा के साथ मिलकर मनीष साहू के गले में चाकू से मार कर उसकी हत्या कर दिया। मृतिका मनोरमा द्वारा चिल्लाने पर दोनों लोगों ने मिलकर उसी चाकू से मनोरमा बारी की भी हत्या कर दिये और हत्या करने के बाद दोनों के शव को झाड़ियों में छिपा कर मृतिका मनोरमा के शव को पेट्रोल डालकर जला दिये, चाकू को वही झाड़ियों में छिपा दिये। इसके बाद मृतक एवं मृतिका के चपप्ल एवं कपड़े भी दूर ले जाकर कही छिपा दिये। मृतक मनीष साहू एक मृतिका मनोरमा बारी के मोबाइल व पैसे निकाल कर अपने पास रख लिये और मृतक की गाड़ी को बरबसपुर में बैगा के घर के सामने खड़ा कर दिये।

### इनकी रही भूमिका

मानपुर पुलिस द्वारा शव मिलने के बाद महज 04 दिनों के भीतर तत्परता पूर्वन कार्यवाही करते हुये हत्या के दोनों आरोपियों से मृतक के कपड़े मोबाइल, चाकू आदि बरामद कर दोनो आरोपियों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मानपुर उपनिरीक्षक मुकेश मर्सकोले, अभिलाष सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्यप्रकाश शुक्ला, मिथलेश पटेल, विकास मिश्रा, मनोज पटेल, आकाशदास, दादराम यादव, आरक्षक विशाल जाटव, प्रदीप सिंह, महेन्द्र, सचिन, आरक्षक अजय बघेल, लालबिहारी, शुभम झा, सुरेश मार्को, सहायक उपनिरीक्षक चालक रामसेवक एवं सायबर सेल आरक्षक संदीप सिंह की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित होगा कार्यक्रम

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 29 मई को मानपुर विकासखंड के बरबसपुर,कोडार तथा धमोखर में कार्यक्रम आयोजित होगा । उन्होने बताया कि प्रातः 10 बजे से बरबसपुर में, दोपहर 1 बजे से कोडार में तथा सायं 4 बजे धमोखर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है । कार्यक्रम के लिए धनंजय सिंह वैज्ञानिक केव्ही, चैन सिंह पाटले, लोकेन्द्र धाकड, डा विपिनचंद्र आदर्श पशु पालन विभाग, मेघा पाटिल सहायक कृषि यंत्री की ड्युटी लगाई गई है ।

### 27 मई से मोब्लाईजेशन कैंप का आयोजन

**उमरिया।** जिला परियोजना प्रबंधक मप्रडेराज्य ग्रामीण आजीविका मिशन चंद्रभान सिंह ने बताया कि मोब्लाईजेशन कैंप का आयोजन 27 मई से 29 मई तक जिले की तीनों विकासखंडो में आयोजित होगा । कैंप में टाटा मोटर्स अहमदाबाद एवं आईटीआई मानपुर प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि मानपुर विकासखंड में 27 मई को, करकेली विकासखंड में 28 मई को तथा पाली विकासखंड में 29 मई को मोब्लाईजेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे । मानपुर विकासखंड के लिए समन्वय अधिकारी उमेश श्रीवास्तव, करकेली विकासखंड के लिए समन्वय अधिकारी पन्नालाल रजक, मनोज सिंह तथा पाली विकासखंड के लिए समन्वय अधिकारी संतराम प्रजापति होगे। मोब्लाईजेशन कैंप प्रातः 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा । उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, विकासखंड प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड समस्त से कहा है कि जनपद पंचायत, नगर पंचायत में निर्धारित योग्यता रखने वाले युवक युवतियों को मोब्लाइजेशन कैंप में पंजीयन एवं नियोजन हेतु शामिल करावे एवं संस्था को निर्धारित तिथि में एक कक्ष पंजीयन हेतु उपलब्ध करावे । कैंप में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास युवक युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदाय किए जाऐगे।

### ननद एवं जेठ ने की गाली गलौज, मामला दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत बसखला गांव में रहने वाली महिला ज्योति के साथ रिश्ते की ननद एवं जेठ के द्वारा पारिवारिक रंजिश से गाली गलौज करते हुए धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। महिला के द्वारा घटना की सूचना थाने में दी गई। पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को बुलाते हुए समझाइए दी जा रही है। बताया जाता है कि महिला का पति काम के सिलसिले में बाहर गया था। इसी दौरान घर में ननंद एवं जेठ के द्वारा विवाद करते हुए गाली गलौज किया गया।

### घर मे बिना बताये गुम हुई महिला

**कोतमा।** थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक चार दमकी टोला में रहने वाली 25 वर्षीय महिला के घर से बिना बताए कहीं चले जाने का मामला सामने आया है। महिला के पति कमलेश केवट के द्वारा पत्नी की तलाश पास पड़ोस, रिश्तेदारों एवं संभावित जगहों में पता तलाश किए जाने के बाद भी न मिलने पर थाने में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई गई। पुलिस ने गुम इंसान कायम करते हुए महिला की तलाश में जुट गई है।

### कोतमा पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को पकड़कर न्यायालय मे किया पेश

**कोतमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देशन में न्यायालय पेशी ना जाने वाले आरोपियों एवं वसूली राशि जमा ना करते हुए फरार रहने वालों बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कोतमा पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को पकड़ते हुए न्यायालय मे पेश किया गया है। वारंटी बबलू उर्फ मोहन गोंड 40 वर्ष पिता चक्रधारी निवासी बसखली जो पिछले 6 माह से वसूली की राशि जमा ना कर फरार चल रहा था। न्यायलय से वारंट जारी होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को कोतमा न्यायालय पेश किया गया। दूसरी कार्यवाही में गाली गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी में आरोपी आकाश कोल 25 वर्ष पिता रामखेलावन निवासी रेउला का मामला न्यायालय में चल रहा था।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज, उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि कलेक्टर सभागार में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से प्रारंभ होगा, जो 12 जून तक चलेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तर पर अभियान हेतु टीम का चयन, स्थल का चयन, दिनांकवार मार्ग का चयन कहां से कहां तक किया जाना है, कर लिया जाए । जिले में अभियान के प्रभावी संचालन हेतु वैज्ञानिकों एवं कृषि तथा सम्बध्द अधिकारियों के साथ कम से कम तीन टीम का गठन किया जाए । गठित टीम 2 से 3 ग्राम पंचायतों में अभियान का संचालन करेगी । अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक , जन प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आंमत्रित किया जाए ।

उन्होने कहा कि अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अभियान अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों के साथ कृषि, कृषि-अभियांत्रिकी, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग आदि के मैदानी अधिकारियों की अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। जिले के प्रगतिशील/उन्नतशील नवाचारी कृषकों को अभियान में शामिल करे। क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बंधित आधुनिक/उन्नत तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करें। किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को जागरूक करें। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एस.एच.सी.) में सुझायी गयी विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित करें। किसानों से फीडबैक लें जिससे की उनके द्वारा किए गए नवाचार ( थ्ंतउमतश्े प्ददवअंजपवद ) के बारे में वैज्ञानिक सीख सकें एवं एवं उसके अनुसार अनुसंधान की दिशा का निर्धारण करें। उन्नत तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच जागरूकता फैलाएं।

### घर निर्माण के दौरान पड़ोसियों ने किया विवाद

**कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 लहसुई गांव में जमीनी विवाद एवं भवन निर्माण को लेकर दो पक्षों में पिछले कई दिनों से जमकर विवाद चल रहा था। लगातार विवाद मे अश्लील गाली गलौज एवं जान से खत्म करने की धमकी दिये जाने के बाद फरियादी मो तकसील की शिकायत पर दूसरे पक्ष के 5 आरोपियों के विरुद्ध अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि जमीनी विवाद को लेकर तहसील न्यायालय से स्टे लगा था। जिसके निराकरण के बाद फरियादी घर में निर्माण कार्य कर रहा था जिससे नाराज पड़ोसियों द्वारा जमकर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दिया। मोहम्मद तकसील मंसूरी 31 वर्ष पिता मोहम्मद शकील मंसूरी निवासी लहसुई की रिपोर्ट पर गांव के ही आरोपी मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद गुलाम पिता मोहम्मद हामिद राजा, मोहम्मद मोबीन पिता मोहम्मद मुस्तकीम, मोहम्मद वकील एवं मोहम्मद अहमद दोनों के पिता मोहम्मद आशिक के खिलाफ धारा 296, 351 (3) 3.5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### वूमन फॉर ट्री अभियान के तहत युवा टीम ने किया पौधारोपण

## पौधे को वृक्ष बनने का लिए संकल्प

हरिभूमि न्यूज, उमरिया।

प्रदेश में केन्द्र सरकार के एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा पाली थाना सहायक उप निरीक्षक पुष्पराज सिंह, प्रधान आरक्षक रणवीर सिंह ,पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी की उपस्थिति में तालाब के तट पर पौधारोपण किया गया। पाली थाना सहायक निरीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा देना, सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण को बढ़ाना और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करना है।



हिमांशु तिवारी ने पौधारोपण को पर्यावरण व मानव जीवन के लिए अनिवार्य बताते हुए कहा कि पौधारोपण हम सब की सामाजिक व नैतिक जिम्मेवारी है, इसलिए आप सभी अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा अपने परिजनों व दोस्तों को इसके लिए प्रेरित करें। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है. हम अच्छे वातावरण की उम्मीद तो करते हैं, लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते।पौधे हमारी।जिंदगी हैं, हमें भोजन, हवा, पानी सब कुछ तो देती ही हैं. उनकी सुंदरता मन को मोह लेती है, इंसान को तो यह जिंदगी देते ही हैं. इस धरा पर अन्य जीव जंतुओं को भी यह पौधे जीवन देते हैं, आओ संकल्प लें कि अधिक से अधिक पौधे लगाएगें।इस पहल से न केवल शहरी वातावरण को स्वच्छ और हराभरा बनाया जा सकेगा, बल्कि महिलाओं को रोजगार और नेतृत्व का अवसर भी मिलेगा। पौधारोपण के दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, संजीवनी पटेल, माही पटेल, श्रेयांश गौतम, शुभम पटेल एवं सभी उपस्थित रहे।

## कॉम्बिंग गश्त में रामनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, दो स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज राजनगर।

जिला अनूपपुर के थाना रामनगर पुलिस ने स्थाई वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में कानून व्यवस्था बनाए रखने और फरार अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी श्रीमती आरती शाक्य के पर्यवेक्षण में कांबिंग गश्त की गई। दौरान गश्त गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पहला नाम बिट्टी प्रजापति पत्नी बुद्धसेन प्रजापति का है, जो विशेषर दफाई, राजनगर की निवासी है। बिट्टी प्रजापति के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक 1001/22, अपराध क्रमांक 152/22 के अंतर्गत भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 323, 506, 325, 34 के तहत मामला दर्ज था। दूसरी गिरफ्तारी तेरसिया गोंड पत्नी हेतराम गोंड की हुई, जो न्यू कॉलोनी, इंदिरा नगर, थाना रामनगर की निवासी है। उनके विरुद्ध प्रकरण क्रमांक 1134/22, अपराध क्रमांक 238/22 में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत मामला पंजीबद्ध था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त टीम में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, उनि श्रीमती फूलवती, प्र आर श्याम शुक्ला, सनत द्विवेदी, राहुल प्रजापति, आर अनुराग भार्गव, म. आर संगम तोमर शामिल रहे।

### नाबालिग बालिका को भी किया दस्तयाब

एक नाबालिग बालिका के गुम होने की सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए रामनगर पुलिस द्वारा खोजबीन प्रारंभ की गई थी। लगातार प्रयासों एवं तकनीकी सहायता के माध्यम से दिनांक 25.05.2025 को उक्त नाबालिग बालिका को ग्राम चंदौली, बाणसागर, जिला शहडोल से सकुशल दस्तयाब किया गया है। इस संपूर्ण अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में किया गया। अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी श्रीमती आरती शाक्य के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित विशेष टीम द्वारा कार्यवाही की गई। टीम में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, उनि श्रीमती फूलवती, एसआई बी.एल. परस्ते एवं एएसआई विनोद नाहर, आर पंकज मिश्रा साइबर सेल अनूपपुर शामिल रहे, जिन्होंने अथक परिश्रम, सतत निगरानी एवं सूझबूझ के साथ बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। दस्तयाब की गई बालिका को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## वर्षो से डटे छात्रावास अधीक्षक बदले जाएंगे: सहायक आयुक्त

**शहडोल।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनन्द राय सिन्हा ने बताया कि प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग एवं अनूसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छात्रावास एवं आश्रमों में कार्यरत छात्रावास अधीक्षकों के फेर-बदल या परिवर्तन के लिए प्रावधान निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि छात्रावास आश्रमों में प्राथमिकता से अनूसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षकों को छात्रावास अधीक्षक का प्रभार दिया जा सके। कन्या छात्रावास एवं आश्रम में महिला अधीक्षक जिसे परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा। योग, खेल कूद की गतिविधियों में दक्ष शिक्षकों, बेहतर शैक्षणिक रिकार्ड तथा जिन शिक्षकों का उसके विषय में तीन वर्ष का परीक्षा परिणाम उत्तम हो को प्राथमिकता दी जाएगी। संबंधित शिक्षक के विरूद्ध पूर्व में कोई शिकायत अथवा गंभीर अपराध दर्ज नहीं हो। शिक्षक शारीरिक रूप से स्वास्थ्य हो। शिक्षक की पदस्थापना छात्रावास आश्रम से 8 किलोमीटर की परिधि में होना अनिवार्य है। ऐसे शिक्षक को 15 दिवस के भीतर अपना आवेदन सहायक आयुक्त कार्यालय शहडोल में करना अनिवार्य होगा।

### अपहरण, तस्करी एवं दुष्कर्म का फरार आरोपी राजस्थान गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरही कछार निवासी पीड़िता उम्र 40 वर्ष के लापता होने पर थाना सीधी में गुम इंसान पंजीबद्ध किया गया था। तलाश के दौरान महिला को 1 अप्रैल 2025 को जिला झालावाड़ (राजस्थान), थाना पीडावा के ग्राम गोविंदपुरा से दस्तयाब किया गया। पीड़िता से पूछताछ पर आरोपियों द्वारा उसके साथ शारीरिक शोषण करना एवं बंधक बनाकर रखना सामने आया। जिस पर सीधी पुलिस द्वारा पूर्व में 3 मई 2025 को आरोपी जगदीश लाल एवं जगदीश मेघवाल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया जा चुका है। उक्त प्रकरण में दो आरोपी गोकुल सिंह एवं आरोपी फूलचंद मेघवाल लगातार फरार चल रहे थे। जिस पर फरार चल रहे आरोपी गोकुल सिंह पिता नैन सिंह उम्र 37, निवासी हरनौदा, पगारिया, जिला झालावाड़, राजस्थान को निरंतर प्रयासों के पश्चात सीधी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

## प्रतिबंध के बावजूद अमानक पॉलीथिन की हो रही खपत

### जिम्मेदारों लापवाही से आदेशों का नहीं हो पा रहा पालन




**शहडोल।** प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों की धरपकड़ करने में जिला प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं, संभागीय मुख्यालय में चोरी छिपे नहीं बल्कि खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है, संभागीय मुख्यालय के बुढ़ार चौक स्थित श्री सांई मार्केटिंग द्वारा पॉलीथिन बिक्री बेधडक़ की जा रही है, शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार 40 माईक्रॉन से कम मोटाई वाले पॉलीथीन का उपयोग नहीं किया जा सकता। जिला प्रशासन द्वारा भी आम लोगों से प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग न करने की अपील की जाती रही, लेकिन कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के अधीनस्थ अधिकारियों व नगर पालिका की लापरवाही के कारण प्रशासन की अपील को नजर अंदाज किया जा रहा है। जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते खुलेआम पॉलीथीन का कारोबार व उपयोग जारी है। बुढ़ार चौक स्थित उक्त दुकान में प्रतिबंधित पॉलीथीन की सप्लाई की जा रही है।

### नहीं लग रही पाबंदी

शासकीय आदेशों पर अमल की कागजी खानापूर्ति के लिए प्रशासन ने सब्जी मंडी सहित अन्य दुकानों पर अमानक पॉलीथीन के खिलाफ कार्रवाई की थी। इस दौरान कुछ पॉलीथीन जब्त भी किए गए थे। साथ ही कुछ दिनों तक शहर में पॉलीथीन बेचने को लेकर दुकानों में उहापोह की स्थिति भी बनी रही, लेकिन नगर पालिका अधिकारियों व जिला प्रशासन की अनेदखी के चलते पुनः बुढ़ार चौक स्थित श्री सांई मार्केटिंग में खुले तौर पर अमानक पॉलीथीनों की बिक्री होने लगी, चिकन व किराने दुकानों तक एवं निजी राशन की दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथीन में बेधडक़ सामग्री बेची जाने लगी है।

### ये हैं नियम

सरकार द्वारा जारी आदेश में 40 मॉइक्रान से कम मोटाई वाले पॉलीथीन की बाजार में बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिस पॉलीथीन की बिक्री जारी है, उस पर निर्माता कंपनी का नाम एवं पता होना अनिवार्य है। साथ ही ऐसे पॉलीथीन को एकत्रित कर उसे प्रशासन द्वारा निर्धारित निष्पादन स्थल पर सड़ा देने के निर्देश दिए गए हैं।

# अवैध परिवहन करते हुए निलगिरी लकड़ी से लोड पिकअप को वन विभाग ने किया जप्त

हरिभूमि न्यूज, बुढ़ार।

रविवार को वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सिरौजा बीट के ग्राम गरुहा अरझूला के जंगलों से अवैध रूप से विना टीपी के यूकोलिपटिस निलगिरी लकड़ी को पिकअप में लोड कर परिवहन करने ले जाते हुए पिकअप को विभाग ने जप्त किया है।

वनरक्षक संतोष कुमार पनिका ने बताया कि सिरौजा वीट के गांव देशाना टोला मुख्य मार्ग पर पेट्रोलिंग गस्त के दौरान पिकअप क्रमांक एमपी 18जी ऐ 4443 से 25 मई की दोपहर लगभग 2 बजे लेकर जा रहा था तभी मौके पर वाहन को रोककर वाहन में लोड लकड़ी से संबंधित दस्तावेज की मांग की तो मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर वाहन को अपने अभिरक्षा में लेकर वन परिक्षेत्र



कार्यालय में खडा कर चालानी कार्रवाई की जावेगी। वाहन स्वामी नान बाईं को नोटिस भेजकर




वाहन से संबंधित दस्तावेज की जांच पड़ताल भी की जायेगी।

## खबर संक्षेप



### आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संकल्प

**कटनी।** समर्पण मानव कल्याण समिति के तत्वावधान में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता संबोधन 1.0 का आयोजन पीएम श्री गवर्नमेंट तिलक कॉलेज में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र में एकता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शादाब खान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य सुनील बाजपेयी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग मौजूद रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. रुक्मणि प्रताप सिंह, शेख साबिर एवं समिति के उपाध्यक्ष विकास गुप्ता शामिल रहे। प्रतियोगिता का विषय ₹आतंकवाद के खिलाफ हमारी एकजुटता₹ था, जिसमें जिले भर से आए युवाओं ने प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में अतुल तिवारी ने प्रथम स्थान, अंशिका गौतम ने द्वितीय स्थान एवं मामूजी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मोक्ष कल्याण महोत्सव का आयोजन

**कटनी।** शांतिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं आचार्य ज्ञान सागर महाराज के समाधि दिवस 26 मई दिन सोमवार को प्रातः 7.00 बजे से आचार्यश्री 108 विद्यासागर महाराज एवं नवाचार समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रवण मुनिश्री 108 प्रसाद सागर महाराज एवं मुनि संघ परम सानिध्य में श्री 1008 पंचायती बड़े मंदिर में मनाया जावेगा मनाया जावेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि इस अवसर पर शांतिधारा पूजन के साथ निवार्ण लाडू चढ़ाने के तत्पश्चात मुनि संघ के मांगलिक प्रवचन होगे तथा आगामी 31 मई दिन शनिवार को प्रातः 7.00 बजे श्रुतपंचमी महोत्सव मुनि संघ के सानिध्य में मनाया जावेगा इस अवसर पर शांतिधारा पूजन एवं भव्य शोभायात्रा के बाद मॉ जिनवाणी को व्यवस्थित रूप से विराजमान करने के निमत्य मे बनी स्टील के अलमारियों में श्रद्धा पूर्वक रखे जाने के पश्चात मुनि संघ के मांगलिक प्रवचन होगें।

### लापता किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** रंगनाथ नगर पुलिस ने एक लापता किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार फरियादी ने थाना रंगनाथनगर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 16 वर्षीय बालिका 15/05/25 के सुबह 8 बजे से लापता है जिसका कोई पता नही चल रहा है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक नवीन नामदेव ने एसपी, एएसपी एवं सीएसपी के संज्ञान में मामले को लाया जो "आपरेशन मुस्कान" के तहत टीम को शहर के विभिन्न स्थानो, एंव थाना क्षेत्र, मंदिरो में पता तलाश किया एंव जरिये आरएम के सभी जगह अपहृत बालिका के संबध में पूछताछ की गई । कड़ी मशक्कत के बाद अपहृत बालिका को दस्तयाब किया गया एवं सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया ।

### मच्छरों से निजात पाने की जा रही फागिंग

**कटनी।** ग्रीष्म काल में मच्छरों से निजात दिलाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर फागिंग अभियान प्रारंभ किया जाकर रोजाना विभिन्न वार्डों में धुआं करने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर में संचारी रोग के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे फागिंग अभियान के तहत विगत रात्रि फागिंग मशीन के माध्यम से उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य रहवासी गलियों में मच्छरों की रोकथाम हेतु रासायनिक धुंआ का छिड़काव कराया गया।

## संभागीय समन्वयक ने जल गंगा संवर्धन एवं विभिन्न कार्यक्रमों जन भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज, ब्यौहारी

जनपद पंचायत ब्यौहारी के सभागार में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक बी , यस डामोर, के मार्गदर्शन में समीक्षाबैठक का आयोजन किया गया।मुख्यमंत्री समुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम की संचालन, फील्ड वर्क ,परीक्षा पर चर्चा किया गया।, प्रस्फुटन समितियां की क्षमता वर्धन पर चर्चा, जल गंगा संवर्धन अभियान, आदर्श ग्राम की अवधारणा पर चर्चा, किया गया।जिसमें ब्लॉक समन्वयक ऋतिक दास मिश्रा सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मेंटर्स हीरालाल साहू ,सरस्वती चंद्र विद्या ,रामेश्वर पाल , अर्पिता बैंस, ज्योति पांडे,एवंनवांकुर संस्था से यमुना प्रसाद नापित एवं सुदामा गुप्ता की उपस्थिति रही।

## बिजली की हो रही कटौती से नगर वासी परेशान

**ब्यौहारी-** नगर परिषद के अंतर्गत बिजली या आने और जाने का कोई टाइम निश्चित नहीं है जिससे नगर वासी परेशान इन दिनों दिन के समय में कई बार बिजली आती है और जाती है जबकि सरकार का यह कहना है हम 24 घंटे बिजली दे रहे हैं बिजली का बिल दिनों दिन बढ़ता जा रहा है कम बिजली मिल रही है फिर भी बिल कैसे बढ़ रहा है बिजली कंपनी लगातार लोगों को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है और थोड़ी सी आंधी आई बिजली गोल कर दी जाती इसी तरह से रात में भी दो बार तीन बार बिजली करती है जिससे भीषण गर्मी में नगर वासी परेशान नगर वीडियो में कलेक्टर से बिजली कटौती पर लगाम लगाए जाने की मांग की है।

## गांजा तस्करी में भाजपा नेता के नाम से प्रशासन की कार्रवाई संदेहास्पद- विनोद ताम्रकार

हरिभूमि न्यूज, ब्योहारी

विगत दिनों शहडोल जिले अंतर्गत जयसिंहनगर तहसील के ग्राम गिरुई खूर्द में भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि के खेत में बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया जिसमें 196 बोरी गांजा जप्त हुआ और समुचे जिले में अफरातफरी मच गई इस कार्यवाही में ब्योहारी सहित भाजपा के नेताओ सांसद विधायक प्रभारी मंत्री व गांजा तस्करी में सांसद प्रतिनिधि बी महाराज का संलिप्त होना और पुलिस कार्रवाई में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का दवाब बनाना समुचे प्रशासन की निष्पक्षता को संदेह के घेरे में खड़ा करता है बीते 4 दिनों से पुलिस की कार्रवाई में इतनी बरकत देना इस गोरखधंधे में समुचे प्रशासन की सेटिंग का खुलासा करते हैं कांग्रेस कमेटी ब्योहारी कलेक्टर महोदय शहडोल एसपी साहब शहडोल सहित मुख्यमंत्री मोहन यादव व जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी से निष्पक्ष व कड़ी कार्रवाई की मांग करती है व ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी कड़े शब्दों में प्रशासन का इतना सत्ता पक्ष के प्रति झुकाव की निंदा करते हुए आरोप लगाती है कि ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र सहित समुचे शहडोल संभाग में भारी मात्रा में गांजा सहित अन्य गैर कानूनी कार्यों के सरगना बनकर बैठे भाजपा नेताओं को गिरफ्तार कर क्षेत्र में चल रहे गोरखधंधों पर अंकुश लगाया जाए ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने प्रेष विज्ञापित कर यह अनुरोध करते हुए भाजपा के लोगों और इस तस्करी में सांसद प्रतिनिधि बी महाराज के नाम की खुलकर चर्चा होना और समुचे जिले में पुलिस कार्रवाई पर संदेह व्यक्त करती है क्या प्रशासन व स्थानीय मीडिया दवाब में आकर जब्त किया गया और 196 बोरी गांजा 121 कर दिया गया और आनन-फानन में इतनी बड़ी कार्रवाई को रफा-दफा करने का षणयंत्रत भाजपा के प्रभारी मंत्री सांसद विधायक सहित इस गोरखधंधे में संलिप्त भाजपा के लोगों ने दबाव बनाकर इसे टाल मटोल करने की फिराक में है ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी जिला प्रशासन से मांग करती है कि क्षेत्र में व्यापक रूप से चल रहे गोरखधंधों पर अंकुश लगाया जाए व गांजा तस्करी में मुख्य रूप से संलिप्त भाजपा नेताओं के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के नेतृत्व में कलेक्टर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी

## ट्रक चालक की पिटाई कर किया घायल अस्पताल में भर्ती

### पुलिस की लापरवाही से गुंडों के हौसले बुलंद

अमलाई

रामपुर माइंस के पास गुंडा टैक्स न देने पर ट्रक चालक की बेरहमी से की गई पिटाई ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद भी पुलिस की निष्क्रियता से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात लगभग 12 बजे कोयला लोड करने आए ट्रक चालक से आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने गुंडा टैक्स की मांग की। जब उसने इनकार किया, तो उसे बुरी तरह पीटकर खेत में फेंक दिया गया। घायल चालक को अन्य चालकों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। गंभीर बात यह है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। स्थानीय लोगों और कोल ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि पहले भी गुंडों द्वारा इसी तरह की घटनाएं की जा चुकी हैं, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। रामपुर माइंस क्षेत्र में कोयला लोडिंग का कार्य एसईसीएल की निगरानी में होता है, लेकिन बार-बार हो रही ऐसी घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन इस क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं।

स्थानीय ट्रक यूनियन और ग्रामीणों ने दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी और पुलिस अधिकारियों पर लापरवाही का मामला दर्ज करने की मांग की है।

## ब्रह्मर्षि आश्रम लखाखेरा का वार्षिक महोत्सव आत्म साक्षात्कार दिवस के रूप में आरम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

ब्रह्मर्षि अंबाला संस्थान लखाखेरा का वार्षिक महोत्सव आयोजन 23 मई को आरंभ हुआ। प्राचीन काल से ऋषियों- मुनियों की पावन तपोभूमि लखाखेरा धाम में इस वर्ष संस्था का 25 वाँ वार्षिक महोत्सव इस बार कुछ अलग अंदाज में मनाया जा रहा है। आदिकाल से सनातन की ध्यान योग साधना आत्म साक्षात्कार क्रिया जो कि अब विलुप्ति की कगार पर है। संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महायोगी हरिओम दास महाराज आम जनमानस के लिए आस क्रिया योग के माध्यम इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता पर विशाल तिरंगा यात्रा, जनता ने दिखाई एकता और देशभक्ति

अमलाई।

भारतीय सेना द्वारा ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में बकहो नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने देश की एकता, सामाजिक समरसता और सेना के प्रति सम्मान की भावना को और भी सशक्त किया।

यह यात्रा बकहो के बड़े हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होकर ईएसआई चौक तक निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देशभक्ति के नारों और हाथों में लहराते तिरंगे के साथ नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी, मण्डल



अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट, उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह , नगर परिषद के पार्षदगण, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी संघ के सदस्य तथा नगर की जनता ने भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस यात्रा ने यह सिद्ध कर दिया कि जब बात देश की एकता और सेना के सम्मान की हो, तब पूरा समाज एकजुट होकर देशभक्ति का परिचय देता है। आयोजकों ने समस्त सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे हर वर्ष मनाने की भावना भी प्रकट की।

### महापौर ने जनप्रतिनिधियों एवं की मौजूदगी में किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन

## जगमोहन दास वार्ड को मिली 20 लाख के विकास कार्य की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कायाकल्प अभियान के तहत नगर निगम कटनी को राज्य शासन के माध्यम से सड़कों के उन्नयन हेतु राशि उपलब्ध कराई गई है। जिससे शहर की विभिन्न सड़कों का पुर्ननिर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत शुक्रवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी में जगमोहनदास वार्ड के नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु करीब 20 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन क्षेत्रीय मातृशक्ति श्रीमती निर्मला यादव, बबिता यादव एवं द्रोपती अग्रहरि द्वारा पूजन अर्चन कर संपन्न कराया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य, शहरी गरीबी उपशमन विभाग प्रभारी एवं क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद, लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग प्रभारी डॉ रमेश सोनी, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विभाग प्रभारी सुभाष शिब्बू साहू, वित्त एवं लेखा विभाग प्रभारी सुरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी, उमेन्द्र अहिरवार पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी सहित नगर निगम के उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल की मौजूदगी रही।

### आवागमन होगा सुगम

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन और खजुराहो सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के सहयोग से नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु बिना किसी भेदभाव के कटनी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सड़कों के उन्नयन एवं पुर्ननिर्माण हेतु राशि प्रदान की गई है। इस महती सौगात हेतु नगर की जनता की ओर से प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के प्रति महापोर ने आभार व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। महापौर नें बताया कि नगर में विकास कार्यो का सिलसिला निरंतर जारी है। पूर्व में भी वार्ड में अनेकों विकास कार्य कराये जा चुके है मिट्ठू निषाद के घर से प्रारंभ होकर गिरिजा घाट तक बनने वाली सड़क का कायाकल्प अभियान के अंतर्गत डामरीकरण होने से नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन करनें पहुंची महापौर श्रीमती सूरी नें अधिकारियों के साथ निर्मित कराई जाने वाली सड़क के स्थल का निरीक्षण किया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद कर निर्माण कार्य के दौरान निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने पेयजल का अपव्यय न करनें तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानें की अपील भी की। क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जयनारायण निषाद नें बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के कुशल मार्गदर्शन में विकास कार्य अनवरत जारी है। दो दिन पूर्व बुधवार को ही वार्ड के विभिन्न 8 स्थलों में 25 लाख की लागत के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। निगम प्रशासन द्वारा आज पुनः एक और बड़ी सौगात मिलने पर पार्षद जयनारायण निषाद सहित क्षेत्रीय वार्डवसियों द्वारा महापौर श्रमती प्रीति संजीव सूरी का पुष्पमाला से स्वागत किया जाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पंजीयन के बाद किसान ट्रेक्टर व कृषि यंत्र आवश्यकतानुसार किराए पर ले सकते हैं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी


जिले के कृषकों को शासन की मंशानुसार जे.फार्म एप पर पंजीयन कराने हेतु कृषि अभियांत्रिकी विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले के समस्त डीलर्स व जे फार्म सर्विसेस के साथ परियोजना कार्यालय में संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिन किसानों के पास ट्रेक्टर व कृषि यंत्र नहीं हैं वे अपना पंजीयन जे.फार्म एप के माध्यम से अपने मोबाईल से ही अपने गांव या आसपास के गांवों से ट्रेक्टर व अन्य आवश्यकतानुसार कृषि यंत्रों को किराये से लेकर समय पर उपयोग कर सकते हैं। राज्यव शासन की मंशानुसार जिले के सभी छोटे-बड़े कृषकों को, यंत्रों को एवं सभी कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों को जे. फार्म एप से जोड़ने व उनके अधिक से अधिक पंजीयन कराने हेतु उपस्थित डीलर्स एवं जे. फार्म सर्विसेस के जिला प्रमुख को प्रोत्साहित किया गया।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अनुदान पर प्रदाय 94 कस्टम हायरिंग केन्द्र जिले में संचालित हो रहे हैं। जिनमें से 78 कस्टम हायरिंग सेंटर्स जे. फार्म एप में पजीकृत हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त भी अन्य कृषकों व कृषि यंत्रों को जे. फार्म एप में पंजीयन कराने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। जिले के सभी कृषक बंधु व समस्त डीलरों से सहयोग करने हेतु अपील की गई है।

बैठक में कृषि अभियांत्रिकी विभाग की जिला अधिकारी, उपसंचालक मनीष मिश्रा, आत्मा परियोजना की उपसंचालक रजनी चौहान, जिले के समस्त यंत्र विक्रेतागण एवं जे. फार्म. सर्विसेस के जिला अधिकारी बीरसिंह बागरी व कृषक साथी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कोतमा-भालूमाड़ा सड़क की गुणवत्ता की जांच की मांग

**कोतमा।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत कोतमा से भालूमाड़ा जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। मुख्य सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि कोल प्रबंधन के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से डामरीकरण युक्त सड़क का निर्माण कर करवाया गया था लेकिन एक साल भी नहीं बीते चंद दिनों में ही सड़क जर्जर हो गई जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लोगों के द्वारा खड़े किए जा रहे हैं। कोतमा से भालूमाड़ा जाने वाले रास्ते में पेट्रोल पंप के सामने बड़ा गड्ढा हो गया है इसके साथ ही अशोक त्रिपाठी की दुकान के पास से लगभग चार से पांच बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण दो पहिया वाहन चालक सवार गड्ढे दिखाई नही देने के कारण दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बड़े वाहनों के चालकों को भी आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह मार्ग मुख्य सड़क मार्ग है और इस सड़क से 24 घंटे लोगों का आना-जाना बना हुआ है नागरिकों ने कोल प्रबंधन से सड़क की गुणवत्ता की जांच करवाते हुए मरम्मत कार्य करवाए जाने की मांग की है।

### मोटर साइकिल से गिरकर युवक हुआ घायल

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनईसांगवा में मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। जिला चिकित्सालय चैकी पुलिस को दिए कथन में शिवम बिलागर पिता संतोष बिलागर उम्र 22 साल निवासी कनईसांगवा ने बतलाया कि शुक्रवार की रात मै मोटरसाइकिल से ग्राम देवरी से अपने घर आ रहा था। रात करीबन 11 बजे ग्राम कनईसांगवा में सीसी रोड में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई, जिससे मै गिरकर घायल हो गया। सिर, कंधा, आंख, हाथ में चोट लगी है।

### कृष्णपाल मरावी सैनिक स्कूल रीवा के लिए चयनित

**डिण्डौरी** सुभाषचंद्र बोस अंग्रेजी माध्यम स्कूल के मेधावी छात्र कृष्णपाल मरावी ने आल इंडिया सैनिक स्कूल के एंट्रेंस एग्जाम 2025 में सफलता हासिल की है परीक्षा में विशेष योग्यता प्राप्त करने के साथ ही छात्र रीवा सैनिक विद्यालय के लिए चयनित किया गया है छात्र की इस उपलब्धि पर उसके माता पिता विद्यालय प्रबंधन,व इष्ट जनो ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी है। ज्ञातव्य हो कि पूरे मध्यप्रदेश में मात्र एक ही सैनिक स्कूल रीवा में स्थित है जहां पर विद्यार्थी का चयन होना माता ,पिता के लिए गौरवान्वित करने वाला है अपनी इस उपलब्धि का श्रेय छात्र ने माता विद्या मरावी, पिता महेश मरावी एवं स्कूल के शिक्षकों को दिया है छात्र के पिता वन परिक्षेत्र सामान्य बजाग में वनरक्षक के पद पर अपनी सेवा दे रहे है वही माता ग्रहणी है छात्र के अनुसार एस सी बी स्कूल से पांचवीं की पढ़ाई करते हुए उसने निःशुल्क कल्याण कोचिंग के माध्यम से दक्ष शिक्षक ब्रजेश बरखाने,एवं शिवमंगल मरावी के द्वारा विद्याध्ययन प्राप्त किया ।इसके अलावा छात्र ने अपने घर में प्रतिदिन सुबह शाम तीन ,तीन घंटे पढ़ाई की है गौरतलब है कि सैनिक स्कूल में चयन होने से पूर्व छात्र जबलपुर के एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए श्रेणी 1 के साथ भी चयनित हो चुका था छात्र की इस सफलता में सुभाषचंद्र बोस स्कूल के प्राचार्य ईश्वरदास पड़वार,सहित शिक्षको का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



# बिना रजिस्ट्रेशन जिले भर में संचालित हो रहे जिम सेंटर

## रजिस्ट्रेशन कराए बिना जिम का फिटनेस और अच्छी बॉडी का दावा

### जिम और फिटनेस सेंटर सेहत के लिए हो सकते हैं खतरनाक साबित

जिले भर में जिम और फिटनेस सेंटर बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। किसी ने भी नगर पालिका से परमिशन नहीं ली है। नियम-कायदों को ताक पर रखकर जिमों का संचालन किया जा रहा है। नए नियम के मुताबिक जिम का लाइसेंस नगर पालिका द्वारा जारी किया जाएगा। जब तक नगर पालिका जिम को ट्रेड लाइसेंस जारी नहीं करेगी, तब तक संचालन नहीं किया जा सकता है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



अच्छी बॉडी और फिट बनाने का दावा करने वाले जिम और फिटनेस सेंटर सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। इस संबंध में सरकार ने एक्ट लागू कर दिया है। इसके तहत जिम संचालकों को ट्रेड लाइसेंस के लिए नगर पालिका में आवेदन जमा करना होगा। इसके साथ ही निर्धारित शुल्क भी जमा कराया जाएगा। जिस बिल्डिंग या मकान में जिम संचालित हो रहा है, वह कमर्शियल श्रेणी में होना अनिवार्य है। परमिशन की समस्त औपचारिकताएं पूरी होने के बाद नगर पालिका की टीम मौका मुआयना करेगी। इसके बाद ट्रेड लाइसेंस जारी किया जाएगा। जिले भर मे संचालित होने वाले जिमों की जांच जिला प्रशासन को करवाना चाहिए। साथ ही सूची तैयार करवाते हुए नगर पालिका में चस्पा की जानी चाहिए। अभी तक जिम खोलने का रजिस्ट्रेशन स्मॉल स्केल इंडस्ट्री के तहत होता था। इसके लिए जिले के उद्योग विभाग से फॉर्म जमा करना पड़ता था। इसके बाद विभाग अस्थायी लाइसेंस जारी कर देता था।

### ट्रेनर या कोच को अनुभव की कमी

जिले में कई ऐसे जिम या फिटनेस सेंटर हैं, जहां ट्रेनर या कोच को अनुभव की कमी है, जबकि प्रशिक्षित व्यक्ति का होना बेहद जरूरी है। गली-कूचों में स्कूलें, जिम और फिटनेस सेंटर लोगों से सिर्फ मोटी फीस वसूल रहे हैं, सुविधाएं नाममात्र की है। छोटे-छोटे कमरों में संचालित हो रहे हैं। मशीनों का अभाव है। एक अच्छे जिम में कम से कम 15 मशीनों का होना अनिवार्य है। इनमें बेंच प्रेस, ट्रेडमिल, लेग प्रेस, बटर फ्लाई, लैट पुल डाउन, पैक डेक, डिप बार, केबल क्रॉसओवर, प्रीचर बेंच, सिटअप बेंच, दे नॉर्मल बॅच, स्किपिंग रोप, योग मैट, रॉड डबल स्टैंड आदि होना चाहिए। नगर पालिका ट्रेड लाइसेंस जारी करते वक्त इन मशीनों का ध्यान रखा जाएगा।

### दो तरह के होते जिम

जिम दो तरह के होते हैं, पहला जिसमें वेट लिफ्टिंग और कार्डियों उपकरणों आदि की सुविधा होती है। इसमें बॉडी बनाने, वजन कम करने इत्यादि की ट्रेनिंग दी जाती है। दूसरा फिटनेस सेंटर, इसमें योग, एरोबिक्स, वजन घटाना, वजन बढ़ाना, मार्शल आर्ट आसन वगैरह सिखाए जाते हैं। फिटनेस सेंटर का बिजनेस जिम की तुलना में थोड़ा महंगा होता है।

### गंभीर साइट इफेक्ट का खतरा

एक्सरसाइज करने वाले मंहगे दाम पर सप्लीमेंट प्रोडक्ट खरीदते हैं,ताकि जल्द से जल्द अच्छी बॉडी बना सकें। कई बार जिम संचालक घटिया व नुकसानदेह पदार्थों से बने फूड सप्लीमेंट प्रोडक्ट भी बेच देते हैं, जिनके गंभीर साइट इफेक्ट होते हैं। जिम में बेचे जाने वाले सप्लीमेंट फूड प्रोडक्ट तीन प्रकार के होते हैं। एक आयुर्वेद फूड प्रोडक्ट होते हैं, जड़ी-बूटियों से बने होते हैं। दूसरे फूड सप्लीमेंट प्रोडक्ट होते हैं, जो अंडे व मांस के प्रोटीन से बनते हैं। तीसरे प्रोडक्ट एलोपैथिक मेडिसिन के बने होते हैं। जिम संचालक सप्लीमेंट प्रोडक्ट व ऐसी दवाईयां बेचते हैं, जिनमें स्टेराइड मिला होता है। यह एक हानिकारक नशीला पदार्थ होता है। इसके सेवन से शरीर में नॉर्मल हार्मोन बनने की प्रक्रिया बाधित हो जाती है। जिससे हार्ट अटैक, किडनी फैलिअर, पुरुषों के स्तन उभर आना, वीर्य में कमी आदि समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

# भ्रष्टाचारी पंचायत में तब्दील हुआ ग्राम पंचायत जमुनिहा




### सरपंच, सचिव इंजीनियर हो रहे मालामाल, जमुनिहा की जनता का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।

ग्राम पंचायत जमुनिहा इस समय चर्चा का विषय बना हुआ क्योंकि वहां के सरपंच सचिव और इंजीनियर की तिकड़ी मध्यप्रदेश के खजाने में पलीता लगाने में जुटा हुआ है। शासन की मंशा है कि ग्रामीण को विकास की मुख्य धारा में जोड़ा जाए लेकिन ये तिकड़ी मिलकर खुद का विकास करने में जुटी हुई है इनके काले कारनामे का पहला शिकार प्राथमिक पाठशाला जमुनिहा जिसकी बाउंड्री वाल गिर गई थी। नए बाउंड्री बाल के निर्माण में पुराने नींव के ऊपर गिरी हुई बाउंड्री बॉल का ईटा लगाकर तथा घटिया मसाला की जोड़ाई करवा कर फर्जी विल बनाकर सरपंच सचिव ओर इंजीनियर मिलकर 13 से 14 लाख रुपए डकार लिए गए, इसी तरह इनके द्वारा कई कचरा घर का घटिया निर्माण कराकर लाखों रुपए डकार लिए गए इसी तरह इनके द्वारा खाले टोला में भी पी सी सी रोड का घटिया निर्माणकर कई लाख का गमन मिलबाटकर किया गया,कुदरी टोला खेल गांव की बाउंड्री बाल का निर्माण इतना घटिया ओर निम्नस्तर का कराया गया है कि पहली बरसात झेल पाना मुश्किल है और धराशाई हो जाने की आशंका है। इस कार्य में कई लाख के गबन की आशंका है। जहां पुलिया का निर्माण कराया गया है वो किसी मतलब का नहीं है। इसी तरह स्कूल से मुड़धोवा के बीच 1200 मीटर ग्रेवल रोड का कार्य निर्माणाधीन है जो गुणवत्ताविहीन ओर घटिया संसाधन का उपयोग करके बनाया जा रहा है। मुरूम की जगह मिट्टी डालकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है तथा शासन का पैसा डकारने का पुनः षडयंत्र हो रहा है। जमुनि हा की जनता जानना चाहती है कि उपरोक्त भ्रष्टाचार की जांच शासन प्रशासन द्वारा कराई जाएगी क्या। जमुनिहा पंचायत के ग्रामीण कलेक्टर एवं जनपद पंचायत के सीईओ तथा संबंधित अधिकारियों से मांग है कि कार्य में करोड़ों रुपए के हुए भ्रष्टाचार की न्यायिक जांच कराकर भ्रष्टाचारियों के ऊपर सख्त कार्यवाही कर की गई गबन की राशि इनसे वसूल किया जाये।

# नर्मदा पथ सर्वेक्षण व जन जागरूकता यात्रा का शुभारंभ

## वैतरणी नदी में श्रमदान के साथ हुई यात्रा की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित मंत्रिमण्डल समिति की प्रथम बैठक में जीवनदायनी माँ नर्मदा के जल को निर्मल तथा प्रवाह को अविरल रखने एवं समग्र विकास हेतु निर्देश दिए गए थे जिसमें जन अभियान परिषद को नर्मदा नदी संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता एवं जनजागरूकता हेतु गतिविधियों का संचालन करने की जिम्मेदारी दी गयी थी। उक्त निर्णय के परिपालन में परिषद द्वारा नर्मदा तटीय 16 जिलो के 51 विकासखंड किनारे की 535 ग्राम पंचायतों में दिनाँक 25 मई से 5 जून तक सर्वेक्षण तथा जनजागरूकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिले में 5 दिवसीय इस यात्रा का शुभारंभ पवित्र नगरी अमरकंटक में वैतरणी नदी में स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया। इसके उपरांत स्थानीय मृत्युंजय आश्रम में यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी रामभूषण दास महाराज, नर्मदा मन्दिर पुजारी धनेश द्विवेदी, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल (केबीनेट मंत्री दर्जा), अम्बिका तिवारी, संभाग समन्वयक भीम सिंग डामोर, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद उमेश पाण्डेय, सीएमओ नगरपालिका अमरकंटक, संदीप शुक्ला, फते सिंह विकासखंड समन्वयक सभी नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, परामर्शदाता, प्रस्फुटन समिति सदस्य, सीएमसीएलडीपी के छात्र उपस्थित रहे। स्वामी रामभूषण दास जी ने पवित्र कार्य के लिए आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि पुण्यशलीला माँ नर्मदा की सेवा करना परम सौभाग्य का विषय है आप सभी लोग सोभग्यशाली है कि आपको यह कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ वंदे महाराज ने माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा की व सर्वेक्षण के उपरांत परिक्रमा पथ पर विकास कार्य होंगे ऐसी अपेक्षा की गई। कार्यक्रम में आये रामलाल रौतेल ने जन अभियान परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की व जल गंगा संवर्धन अभियान में परिषद द्वारा नर्मदा पर किये जा रहे कार्यो की सराहना की। इसके पूर्व संभाग समन्वयक भीम सिंह द्वारा कार्यक्रम व यात्रा की कार्ययोजना प्रस्तुत की कार्यक्रम का संचालन व आभार जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय द्वारा किया गया।



# करनपठार पुलिस ने पिकअप में 6 बैल अवैध परिवहन करते पकड़े



हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।

थाना प्रभारी करनपठार निरी. पी. सी कोल एवं चौकी प्रभारी सरई उप निरी. मंगला प्रसाद दुबे के नेतृत्व में हमराह प्रआर. कृष्ण कुमार पटेल, आर. साहब सौर, सैनिक राम कमल तिवारी आर. विनोद अयाम के 25/05/2025 को दौरान गस्बा भ्रमण हम. उप निरी. मंगला दुबे चौकी प्रभारी सरई, आर. साहब सौर. सैनिक 105 राम कमल तिवारी के साथ कस्बा भ्रमण कोम्बिंग गस्त से ग्राम अहिरगंवा तरफ से वापस खमरौध होते हुये आ रहा था जैसे ही पयाहीं तिराहा के पास पहुंचा कि विश्वनीय मुखबीर से सूचना रूबरू हुआ कि पिकअप. क्र. MP 18 ZE 8236 में पील रंग के त्रिपाल से ढक कर बैल लोड करके कूरता पूर्वक वध करने हेतु लेकर जबलपुर तरफ जा रहे है। कुछ देर बाद पतखई तरफ से एक पिकअप बडी तेजी से आती दिखाई दी जिसे रोकने का प्रयास किया लेकिन ड्रायवर काफी तेजी से पिकअप को भगाया जिसे करपा तिराहा सरई के पास रोका तथा रोकने पर ड्रायवर एवं पिक अप में बैठे दो अन्य लोग भागने का प्रयास कर रहे थे जिनके अभिरक्षा में पिकअप सहित लेकर पुलिस चौकी सरई आकर ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम गणेश प्रसाद बैगा पिता छोटकुन बैगा उम्र 24 वर्ष नि.लालपुर थाना बुढ़ार जिला शहडोल व बगल में बैठे शनि बैगा पिता रामचरण बैगा उम्र 21 वर्ष नि. लालपुर थाना करनपठार जिला अनूपपुर, तेज कुमार महरा पिता झंगलू महरा नि. लमसरई थाना करनपठार जिला अनूपपुर का होना बताये पूछताछ करने पर तीनो के द्वारा मेमो कथन में बुढार कटकोना से लोड करना तथा जबलपुर बूचड खाना वध कराने हेतु लेकर जाना बताया तथा मौके पर पिकअप व पिकअप में लोड बैल 06 रास के दस्तावेज चाहे गये जो आरोपी चालक गणेश के द्वारा बताया कि उक्त पिकअप का मालिक स्वयं का होना बताया तथा पिकअप के कागजात व ड्रायविंग लाईसेन्स मौके पर होना नही बताया धारा 94 बी. एन. एस. एस. का नोटिस दिया जाकर पिकअप में लोड बैल के दस्तावेज चाहे गये जो मौके पर चाहे गये जो मौके पर होना नही बताया तथा मौके पर दस्तयाबी पंचनामा तथा हुलिया पंचनामा तैयार किया जाकर आरोपीगणो का कृत्य म. प्र. गौ वंश वध प्रतिषेध अधि. 2004 की धारा4,6 (क) एवं पुश परि. की धारा 6,6 (क) (ख), 9-10, 11 घ पशु क्रूरता अधि. 66/192, 3/181, 130 (3) /177 मो.व्ही.एक्ट के अंतर्गत अपराध पाये जाने से आरोपी गणो को गिरफ्तार किया गया। जप्त शुदा जानवरो को सुरक्षार्थ कांजी हाऊस गौ शाला सालरगोंदी में खाने पीने की समुचित व्यवस्था के साथ रखवाया गया है। मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# ग्राम बर्री में आयोजित हुई ट्रैफिक चौपाल

## यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता लाने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

सड़क दुर्घटनाओ को रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन मे जन जागरूकता लाने ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक चौपाल के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है, उसी क्रम में ग्राम बर्री में ट्रैफिक चौपाल लगा कर उपस्थित जन को जानकारी दी गई। थाना प्रभारी यातायात द्वारा उपस्थित ग्रामीण जन को बताया गया कि सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारण तेज गति से वाहन चलाना, शराब के नशे में वाहन चलाना, ब्रेकिंग डिस्टेंस ना रखते हुए वाहन चलाना, गलत तरीके से सामने वाले वाहन को ओवरटेक करना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी या माल का वहन कर वाहन चलाना, रोड पर लगे रोड साइन की अनदेखी कर वाहन चलाना, गलत तरीके से रोड क्रॉस करना, नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाना, पर्याप्त नींद लिए बिना अनिद्रा की स्थिति में वाहन चलाना , मालवाहकों में सवारी करना आदि आदि कारणओ से दुर्घटनाएं घटित होती है। वाहन हमेशा निर्धारित एवं सुरक्षित गति में चलाएं, नशे की हालत वाहन ना चलाएं, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें, रोड पर चलते समय आगे चल रहे वहां से लगभग 3 से 4 मीटर की दूरी आवश्यक रूप से रखें, ओवरटेक करने से बचे आवश्यक होने पर ही सावधानी रखते हुए दाहिने तरफ से ओवरटेक करे। मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन ना चलाएं, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें, वाहन का समय-समय पर मेंटीनेंस करवाए, जिससे वाहन का ब्रेक फेल होने या टायर फटने से होने वाले एक्सीडेंट से बचा जा सके, अनिद्रा या थकान की स्थिति में वाहन चलाने से बचे, ग्रामीण सड़क से मुख्य सड़क पर आते समय वहां धीमा करें आने जाने वाले वाहनों को देखकर ही मुख्य सड़क पर आए। अक्सर मालवाहक यान जैसे ट्रैक्टर ट्रॉली, पिकअप, मेटाडोर आदि वाहनों में बैठ कर आवागमन करते है, इनका निर्माण सवारियों की सुरक्षा की दृष्टि से नहीं होता, इनके पलटने की संभावना बहुत अधिक होती हैं, हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य में हुआ एक्सीडेंट जिसमें 13 लोगों की मृत्यु हुई इसके पूर्व शहडोल में एक्सीडेंट जिसमें 04 लोगों की मृत्यु हुई थी। माल यान में सवारी करने के कारण हुए थे, इसलिए ध्यान रखें इन वाहनों को आवागमन के साधन के रूप में उपयोग न करें। ट्रैफिक चौपाल कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात ज्योति दुबे, सहायक उप निरीक्षक बृजेश सिंह चौहान, प्रआर मनीष सिंह, आर. गणेश यादव ग्राम पंचायत के सरपंच कमल सिंह सहित 50 से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।

